यूटीयू ने मनाया पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

देहरादून : एक साल पहले 23 अगस्त 2023 को इसरो ने चंद्रयान-3 के विक्रम रोवर को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतार विश्व में देश का गौरव बढ़ाया है। चंद्रयान-3 मिशन की इस सफलता को एक वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को यूटीयू ने पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया है। विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को बताया कि अंतरिक्ष में उतरकर चांद को छूना अद्भुत क्षण है, जो समाज में अनुसंधान और प्रौद्योगिकी पर अंतरिक्ष अन्वेषण के गहरे प्रभाव को बल देता है।(जासं)